आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल | मो. : 9358430959 | Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 31 मेरठ, बुधवार 19 अगस्त, 2026 | Website:- harikamaldarpan.com | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य : दो रुपये

### महादेव जानकर का सरकार से सीधा सवाल

## ओबीसी की अलग गणना नहीं तो जातिगत जनगणना का फायदा क्या?



**मुंबई।** 'जातिगत जनगणना करेंगे, ओबीसी को न्याय देंगे, जनसंख्या के अनुपात में अधिकार देंगे' ऐसे आश्वासन देकर वर्षों से वोट लिए गए। लेकिन 14 अगस्त 2026 को प्रकाशित भारत सरकार के राजपत्र में ओबीसी के लिए अलग कॉलम ही नहीं है। फिर ओबीसी की वास्तविक संख्या सामने कैसे आएगी? ऐसा सीधा सवाल राष्ट्रीय समाज पक्ष के संस्थापक अध्यक्ष महादेव जानकर ने सरकार से किया है। महादेव जानकर ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'राजपत्र में प्रश्नावली में एससी, एसटी और 'अन्य' हैं। लेकिन देश के सबसे बड़े सामाजिक घटक ओबीसी के लिए अलग और स्पष्ट दर्जा कहाँ है? केवल जाति पूछ लेने से जातिगत जनगणना पूरी हो जाती है, ऐसा नहीं है। आंकड़ों के बिना अधिकार कैसे मिलेगा?' महादेव जानकर ने सरकार से 6 सवाल पूछे हैं-देश में ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या कितनी है, शिक्षा और सरकारी नौकरियों में ओबीसी का प्रतिनिधित्व कितने प्रतिशत है, आरक्षण का लाभ वास्तव में कितने ओबीसी लोगों तक पहुँचा है, ओबीसी की कौन-कौन सी जातियाँ सबसे अधिक पिछड़ी हुई हैं, ओबीसी के लिए योजनाएँ और बजट किस आंकड़े के आधार पर तय किए जाएंगे, यदि स्टैंडर्ड कास्ट कोड नहीं दिया गया, तो अंतिम आंकड़ों में ओबीसी फिर 'अन्य' में गायब नहीं हो जाएगा?' उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा, 'हर व्यक्ति की जाति दर्ज की गई, लेकिन उसे ओबीसी के रूप में आधिकारिक पहचान नहीं दी गई, तो यह धोखा है।' महादेव जानकर ने ओबीसी समाज की ओर से सरकार के सामने 7 मांगें रखी हैं-ओबीसी के लिए अलग और स्पष्ट पहचान होनी चाहिए, केंद्र और राज्यों की आधिकारिक ओबीसी सूचियों को आधार बनाया जाए, प्रत्येक ओबीसी जाति को अलग स्टैंडर्ड कास्ट कोड दिया जाए, ओबीसी, एससी और एसटी के आंकड़े अलग-अलग जारी किए जाएँ, वैज्ञानिक तरीके से स्टैंडर्डाइजेशन और वेरिफिकेशन किया जाए, अंतिम जातिगत आंकड़े पारदर्शी तरीके से जारी किए जाएँ, इन्हीं आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और कल्याणकारी नीतियाँ तय की जाएँ।' महादेव जानकर ने कहा कि 'आश्वासन नहीं, गिनती चाहिए। वर्षों से कहा गया—आपकी जाति की गिनती की जाएगी और आपको न्याय मिलेगा। तो आज हमारा सीधा सवाल है—हमारी संख्या स्पष्ट रूप से गिनी जाएगी या फिर 'अन्य' के नाम पर हमारा आंकड़ा दबा दिया जाएगा?' जानकर ने कहा, 'यह किसी एक राजनीतिक दल का प्रश्न नहीं है। यह देश के करोड़ों ओबीसी लोगों के सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकार का प्रश्न है।' उन्होंने अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा, 'हमें घोषणाएँ नहीं, आधिकारिक आंकड़े चाहिएं। हमें केवल वोट के लिए इस्तेमाल मत कीजिए, बल्कि हमारे अधिकारों की वास्तविक गणना कीजिए। यदि जातिगत जनगणना करनी है, तो ओबीसी की स्वतंत्र, स्पष्ट, वैज्ञानिक और प्रमाणित गणना होनी ही चाहिए।' **-ब्यूरो**

## अहिल्याबाई को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच के तत्वावधान में 13 अगस्त को लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विद्युत लोकायुक्त आर.डी. पाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश पाल प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी ने माता अहिल्याबाई होलकर के विचारों पर प्रकाश डाला एवं वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता को स्पष्ट किया। अवध प्रांत के समरसता प्रमुख राजकिशोर ने लोकमाता के राष्ट्रीय कार्यों एवं सेवाओं का उल्लेख किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक आपदा राहत प्रकोष्ठ एवं (पूर्व राज्य मंत्री) अशोक कुमार पांडे द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव राजेश कुमार पाल एवं पाल समाज के वरिष्ठ, अग्रणी और सम्मानित व्यक्तियों ने सहभाग किया। भागीदारी एवं सामाजिक न्याय हेतु विधान परिषद सदस्य रामचन्द्र प्रधान, तपेन्द्र शाक्य, राजेन्द्र प्रसाद पाल, गौरव नन्द आदि वक्ताओं ने प्रकाश डाला। **-ब्यूरो**



कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ


## मध्यप्रदेश में गठित होगा पाल गड़रिया समाज बोर्ड : सीएम



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि पर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्दी ही पाल-गड़रिया समाज के बोर्ड का गठन करेगी। राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित पुण्य स्मृति कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पाल-गड़रिया समाज के बोर्ड का गठन करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा की ऐसी शासिका थीं, जिनके माध्यम से मध्यप्रदेश और देश गौरवान्वित होता है। वे सुशासन की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने शासन काल में सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए थे। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की सेवा, साधना, न्याय, त्याग सहित जीवन के प्रत्येक पक्ष के आधार पर सेवा, सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ कार्य कर रही है। पाल-गड़रिया समाज गोपाल कृष्ण के वंशज हैं। सरकार गड़रिया समाज के सुख-दुख और कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए दूध उत्पादन और पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समारोह में विधायक भगवानदास सबनानी, पूज्य संत दादू गुरुजी, पूर्व राज्यसभा सदस्य पद्मश्री डॉ. विकास महात्मे, अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल, समाजसेवी राजेश श्रीपाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पाल-गडरिया समाज के लोग उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

## डॉ. दसरथ मसानिया नहीं रहे



**आगर मालवा।** 500 से अधिक चालीसा लिखने का विश्वरिकार्ड बनाने, हिन्दी, गणित और संस्कृत में नवाचार करने वाले डॉ. दसरथ मसानिया की 14 अगस्त को असमय मृत्यु हो गई। उनके निधन पर डॉ. अमर सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया। हरिकमल दर्पण परिवार दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। **-सम्पादक**

## दीपेन्द्र पाल ने बढ़ाया समाज का मान



**अहमदाबाद।** गुजरात पाल महासभा अंकलेश्वर इकाई के पदाधिकारी अमरनाथ पाल के सुपुत्र दीपेन्द्र पाल ने रॉकबॉल इंटरनेशनल चैंपियन 2026 थाईलैंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को विजय दिलाकर देश, समाज और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। **-सम्पादक**




# हरिकमल दर्पण

## महादेव जानकर का साथ दें!



*राष्ट्रीय समाज पक्ष के संस्थापक अध्यक्ष व महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री महादेव जानकर का देश के गडरिया समाज को खुलकर साथ देना चाहिए क्योंकि वे ऐसे राजनेता हैं जो सदैव अपने समाज की भलाई के बारे में न केवल सोचते हैं बल्कि अपनी पूरी ताकत से कार्य भी करते हैं। अभी हाल ही में सऊदी अरब में फंसे उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बंथर गांव निवासी रामविलास पाल के सुपुत्र शिवम पाल (23 वर्ष) के पार्थिव शरीर को भारत लाने में जिस प्रकार महादेव जानकर ने आगे बढ़कर सहयोग किया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उल्लेखनीय है कि दिवंगत शिवम पाल का पार्थिव शरीर भारत लाने के लिए मृतक का परिवार 10 दिनों तक सरकार व अधिकारियों से गुहार लगाता रहा लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। अंततः 10 अगस्त को पीड़ित परिवार ने महादेव जानकर के पास अपनी गुहार लगाई तो अगले ही दिन शिवम पाल का पार्थिव शरीर भारत आ गया। यह घटना दर्शाती है कि महादेव जानकर की शासन-प्रशासन पर पकड़ कितनी मजबूत है। यदि गडरिया समाज एकजुट होकर महादेव जानकर का साथ दे तो निश्चित रूप से इसका पूरे समाज को लाभ मिलेगा।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# सरकारी वादे झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं हैं!

स्वतंत्रता के 80वें वर्ष का उत्सव देश में उत्साह से मनाया गया। अरबों रुपये हमने खर्च किए केवल यह बताने के लिए देश को कि हम गुलाम थे। सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, सभी ऐसे मौके पर बड़ी-बड़ी लुभावनी घोषणा करते हैं। अपनी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए बड़े ही लच्छेदार भाषण भी देते हैं। किंतु उसका वास्तविक लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं, अंतिम व्यक्ति तक वह योजना पहुंच रही है या नहीं, इसकी समीक्षा ना तो सरकार करती है और ना ही उनके अधिकारी-कर्मचारी करते हैं। देश की जनता भी इस बारे में ज्यादा ध्यान नहीं देती। यदि देश की जनता थोड़ी-बहुत जागरूक है और अपनी कुछ बात रखना चाहती है तो उसकी आवाज को दबा दिया जाता है। मीडिया ऐसे समाचारों को प्रकाशित-प्रचारित भी नहीं करती है। वोट पाने की राजनीति अथवा लोगों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए समाज के लोगों को खुश रखने के लिए समाज विकास के लिए बोर्ड के गठन की घोषणा भी अनेक राज्यों में की जा रही है किंतु कई राज्यों में बोर्ड गठन के बाद उस पर कोई प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई। बोर्ड के निर्णय लेने के लिए व सर्वेक्षण करने के लिए केवल अधिकारियों को रखा गया जबकि उस समाज के लोगों को महत्व देना था, उनके साथ बैठक होनी थी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। कुछ स्थानों पर सरकार बदल जाने से बोर्ड को निष्क्रिय कर दिया गया अथवा उस पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। ये घोषणाएं समाज के लोगों को केवल लुभाने व झुनझुना पकड़ाने के लिए की जा रही हैं। समाज को कोई फायदा नहीं मिल रहा है, केवल मानसिक रूप से लोग यह समझते हैं कि हमारे लिए बोर्ड का गठन हो रहा है किंतु वास्तविकता इससे दूर रहती है। सरकार घोषणा करती है कि हम राष्ट्र को नशामुक्त घोषित करेंगे, गोपालन व कृषि को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए मंत्रालय, बोर्ड, मंत्री भी बनाए गए हैं किंतु आप सूक्ष्म दृष्टि से देखेंगे तो आपको सारा काम उल्टा ही नजर आएगा। उदाहरण के लिए सरकार कहती है कि कृषि गोवंश के आधार पर हो, लेकिन भारत में बड़ी संख्या में बूचड़खाने संचालित हैं, गोवंश की हत्या होती है और उसका मांस डिब्बाबंद होकर सरकार के माध्यम से विदेशों को निर्यात किया जाता है। कृषि भूमि बंजर हो रही है क्योंकि उसमें विदेश से आयातित खाद और दवाएं उपयोग हो रही हैं। इसका सीधा असर राष्ट्र के करोड़ों लोगों के ऊपर स्वास्थ्य हानि के रूप में हो रहा है। पारंपरिक रोजगार घट रहे हैं, आयातित मशीनों द्वारा सारा काम हो रहा है। इससे कुटीर व छोटे उद्योग लगभग बंद होने के कगार पर हैं। किसानों को उनके उत्पादन का वास्तविक मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इसलिए विभिन्न राज्यों में आंदोलन होते हैं और उसके कारण अनेक लोग मारे जाते हैं। सरकार अरबो रुपये लगाकर प्रचार कर रही है कि हम नशामुक्त भारत का निर्माण करेंगे जो आश्चर्यजनक बात है। सरकार स्वयं तो देश में शराब बेच रही है, लाइसेंस दे रही है, इतना ही नहीं विदेशों को भी यहां शराब बेचने के लिए आमंत्रित कर रही है। यदि सरकार वास्तव में भारत को नशामुक्त बनाना चाहती है तो सरकार को नशे के व्यापार को तत्काल बंद करने का ऐलान करना चाहिए। भारत में अनेक ऐसे समाज हैं जो अति पिछड़े हैं और विकास से कोसों दूर हैं। ऐसे समाजों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस योजना नहीं बनती है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इसलिए सरकार की घोषणाओं पर समाज के लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि सरकारी वादे झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जो सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक संगठन बने हैं वह भी अपना चेहरा चमकाने के लिए सरकार की हां में हां मिलाते हैं, सरकार की गलत नीतियों का विरोध नहीं करते हैं। इसका खामियाजा देश के करोड़ों नागरिकों को भुगतना पड़ता है। इसलिए सावधान रहें और अपने भविष्य के निर्माता स्वयं बनें।



**-नारायण प्रसाद पाली**
वरिष्ठ नागरिक साहित्यकार
गडरिया समाज छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

# अपने इतिहास को पढ़िए, समझिए और समझाइए!

एनसीईआरटी कक्षा 9 की इतिहास पुस्तक का अध्याय 5 : "Pastoralists in the Modern World" केवल एक पाठ नहीं है, बल्कि हमारे विमुक्त, घुमंतू और चरवाहा समाज के इतिहास को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हममें से बहुत से लोगों ने अपने इतिहास को दूसरों की जुबानी सुना है। अब समय आ गया है कि हम अपने इतिहास को स्वयं पढ़ें और प्रामाणिक पुस्तकों एवं सरकारी आयोगों की रिपोर्टों के आधार पर समझें। एनसीईआरटी की कक्षा 9 की इतिहास पुस्तक में महाराष्ट्र के धनगर/ गड़रिया, चरवाहा समुदाय का विस्तार से वर्णन किया गया है। पुस्तक बताती है कि धनगर मुख्य रूप से चरवाहे थे; कुछ लोग कंबल बुनते थे और कुछ भेड़-बकरी और भैंस पालते थे। उनका जीवन मौसम के अनुसार अपने पशुओं के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने और उपलब्ध चरागाहों पर निर्भर था।

**अंग्रेजी शासन और चरवाहा समाज पर नियंत्रण :** जब अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन ने भारत में अपना प्रशासन मजबूत किया तो उसने चरवाहों और अन्य घुमंतू समुदायों की चलायमान जीवन-पद्धति को अपने शासन और नियंत्रण के लिए चुनौती माना। एनसीईआरटी के अनुसार, औपनिवेशिक सरकार ने पशुपालक समुदाय के जीवन को प्रभावित करने वाली चार प्रमुख कानूनी व्यवस्थाएँ लागू कीं-

**चरागाहों का सिकुड़ना :**

औपनिवेशिक अधिकारियों की नजर में ऐसी भूमि जिसे खेती के अंतर्गत नहीं लाया गया था, बेकार भूमि थी। इन नियमों के माध्यम से अनेक क्षेत्रों की ऐसी भूमि को खेती के लिए उपयोग में लाने का प्रयास किया गया। लेकिन इनमें से काफी भूमि वास्तव में चरवाहों के पारंपरिक चरागाह के रूप में इस्तेमाल होती थी। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि चरवाहों के लिए उपलब्ध चरागाह लगातार कम होते गए और उनके पशुपालन तथा जीवन-यापन पर गहरा प्रभाव पड़ा।

**जंगलों में चराई पर प्रतिबंध :**

अंग्रेजों ने अलग-अलग प्रांतों में फोरेस्ट एक्ट्स लागू किए और अनेक जंगलों को आरक्षित एवं संरक्षित क्षेत्रों में बांटा। एनसीईआरटी बताती है कि औपनिवेशिक अधिकारियों का मानना था कि पशुओं की चराई से जंगल में उगने वाले नन्हे पौधों और नई कोंपलों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए चरवाहों की जंगलों तक पहुंच और उनकी आवाजाही पर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए।

**क्रिमिनल ट्राइब्ट एक्ट, 1871—घुमंतू समुदायों पर कलंक :**

यह हमारे इतिहास के सबसे दर्दनाक अध्यायों में से एक है। 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्ट एक्ट लागू किया गया। एनसीईआरटी के अनुसार औपनिवेशिक अधिकारियों को अनेक घुमंतू समुदायों पर संदेह था। वे चाहते थे कि लोग स्थायी गांवों में रहें, निश्चित स्थान पर रहें और प्रशासन के लिए आसानी से पहचाने एवं नियंत्रित किए जा सकें। इस कानून के तहत अनेक समुदायों को 'क्रिमिनल' के रूप में वर्गीकृत किया गया और उनके जीवन तथा आवागमन पर कठोर नियंत्रण लगाया गया। यानी जो समुदाय सदियों से अपने पशुओं के साथ चरागाहों की तलाश में घूमता आया था, उसी घुमंतू जीवन-पद्धति को औपनिवेशिक शासन ने संदेह की नजर से देखा।

**ग्रेजिंग टैक्स—पशुओं को चराने पर कर :**

चरागाहों और पशुपालन पर भी कर लगाया गया। इससे पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर चरवाहा परिवारों का आर्थिक बोझ और बढ़ गया। इस प्रकार चरागाहों का सिकुड़ना, जंगलों पर प्रतिबंध, क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट और ग्रेजिंग टैक्स–इन सभी औपनिवेशिक नीतियों ने चरवाहा समुदाय के जीवन को गहराई से प्रभावित किया। एनसीईआरटी स्वयं इन चारों व्यवस्थाओं को चरवाहों के जीवन में आए बड़े बदलावों के संदर्भ में पढ़ाती है।

**31 अगस्त 1952–एक ऐतिहासिक मोड़ :**

क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के कारण जिन समुदायों पर 'क्रिमिनल' होने का कलंक लगाया गया था, उनके इतिहास में 31 अगस्त 1952 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत सरकार ने उस दिन क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट को समाप्त किया और इन समुदायों को विमुक्त जातियों के रूप में जाना जाने लगा। आज हम इस दिन को विमुक्त जाति आजादी दिवस के रूप में याद करते हैं, क्योंकि यह उस औपनिवेशिक कलंक और कानूनी नियंत्रण से मुक्ति का ऐतिहासिक प्रतीक है। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि कानून समाप्त होने से इतिहास के घाव तुरंत समाप्त नहीं हो जाते। कई पीढ़ियों तक चले सामाजिक कलंक, आर्थिक पिछड़ापन, शिक्षा की कमी, जमीन और चरागाहों से वंचित होना तथा प्रशासनिक व्यवस्था से दूरी–इनका प्रभाव स्वतंत्र भारत में भी लंबे समय तक दिखाई देता रहा। इसलिए केवल किताबी शिक्षा नहीं, सामाजिक शिक्षा भी जरूरी है। यदि हम अपने वर्तमान को समझना चाहते हैं तो हमें अपने अतीत को समझना पड़ेगा। इसीलिए मैं आप सभी से विशेष आग्रह करता हूं कि भारत सरकार द्वारा गठित विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों से संबंधित आयोगों की रिपोर्टों का भी अध्ययन करें। विशेष रूप से बालकृष्ण रेनके आयोग की रिपोर्ट व भीखू राम इदाते आयोग की रिपोर्ट। इन रिपोर्टों में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति तथा उनके पिछड़ेपन के कारणों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई है। इन दस्तावेजों को पढ़ने के बाद हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि इन समुदायों का पिछड़ापन केवल वर्तमान परिस्थितियों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे ऐतिहासिक और औपनिवेशिक परिस्थितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब जागरूक होने का समय है। हमें किसी के खिलाफ नफरत नहीं फैलानी है। हमें इतिहास को तोड़ना-मरोड़ना भी नहीं है। हमें केवल इतना करना है कि-अपने इतिहास को पढ़ें, अपने अधिकारों को समझें, अपने बच्चों को शिक्षित करें, सरकारी दस्तावेज पढ़ें, आयोगों की रिपोर्ट पढ़ें, संविधान को समझें और लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करें। हमारी लड़ाई किसी जाति या समाज के खिलाफ नहीं है। हमारी लड़ाई अज्ञानता के खिलाफ है। हमारी लड़ाई ऐतिहासिक उपेक्षा के खिलाफ है। हमारी लड़ाई अपने संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए है। यह समझना भी जरूरी है कि अलग-अलग विमुक्त और घुमंतू समुदाय आज अलग-अलग सामाजिक वर्गों–जैसे एससी, एसटी, ओबीसी आदि में वर्गीकृत हो सकते हैं, जबकि कुछ समुदायों की स्थिति और वर्गीकरण अलग हो सकता है। इसलिए इन सभी समुदायों की समस्याओं को एक समान मानने के बजाय समुदायवार वास्तविक आंकड़ों और आधिकारिक दस्तावेजों के आधार पर अध्ययन करना आवश्यक है।

**हमारे पूर्वजों का संघर्ष–हमारी जिम्मेदारी :**

हमारे पूर्वजों ने कठिन परिस्थितियों में पशुधन पाला, देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान दिया और जंगलों, चरागाहों तथा गांवों के बीच अपनी मेहनत से जीवन चलाया। लेकिन औपनिवेशिक नीतियों ने उनकी पारंपरिक जीवन-पद्धति को गहरा आघात पहुंचाया। इसलिए आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को केवल डिग्री प्राप्त करने की शिक्षा न दें, बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि–हम कौन हैं, हमारा इतिहास क्या है, हमारे पूर्वजों ने किन परिस्थितियों का सामना किया, हमारे संवैधानिक अधिकार क्या हैं, और लोकतंत्र में अपने अधिकारों के लिए आवाज कैसे उठानी है? मेरा सभी विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समाज से आह्वान है कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कीजिए। विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समाज के सम्मान, शिक्षा, समान अवसर और न्याय के लिए हमारी आवाज लगातार उठती रहे।



**-बरखा राम**
चेयरमैन, विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड
पंजाब सरकार, चंडीगढ़
मो. 7889258023

# पंजाब की गडरिया जाति को गुमराह किया जा रहा है!

गडरिया समुदाय पंजाब की आधिकारिक विमुक्त जाति की सूची में सम्मानित नहीं है। आमतौर पर गडरिया (पाल, धनगर) समुदाय को पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। विमुक्त जातियों से जुड़ी वास्तविक वैधानिक स्थिति का विवरण इस प्रकार से है- विमुक्त जातियां वे समुदाय हैं जिन्हें ब्रिटिश शासन के दौरान 'आपराधिक जनजाति अधिनियम' के तहत अधिसूचित किया गया और जिन्हें आजादी के बाद 31 अगस्त 1952 को स्वतंत्र भारत सरकार द्वारा इस कानून से मुक्त किया गया। इस कानून में गडरिया जाति का नाम नहीं था। गडरिया समुदाय मूल रूप से एक पारंपरिक पशुपालक और चरवाहा समुदाय रहा है और इस ऐतिहासिक सूची में पंजाब क्षेत्र के भीतर उनका नाम शामिल नहीं था। वर्तमान में पंजाब सरकार के आधिकारिक न्याय और अधिकारिता विभाग में रिकॉर्ड के अनुसार पंजाब राज्य में गडरिया समुदाय विमुक्त जाति का हिस्सा नहीं है। 2019 में बरखा राम जो पंजाब के रहने वाले हैं उन्होंने हरियाणा के गडरिया समाज के नासमझ लोगों को गुमराह करके गडरिया जाति को सांसी (जो एक आपराधिक जाति है) की उपजाति बताकर सरकार से घोषित करवा दिया जिस पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी जो अभी तक बरकरार है। यहीं नहीं बरखा राम सरकार को भी गुमराह करके विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन बन गया जोकि विमुक्त जाति के लोगों के अधिकार का हनन है। ज्ञात रहे गडरिया जाति आदि काल से तथा ब्रिटिश काल से भी पूर्व में कभी भी नोटिफाइड कास्ट नहीं रही जिसको आजादी के बाद डिनोटिफाइड किया गया हो। गडरिया समुदाय को अपने मान सम्मान और स्वाभिमान को बचाने के लिए सजग रहने की आवश्यकता है। ना जाने कौन और कब इस समाज के स्वरूप को बिगाड़ने का कुकर्म कर सकता है।



**-आर.एस. रौतेला एडवोकेट,** फरीदाबाद
मो. 9313428505

# भाजपा नेताओं ने अहिल्याबाई होल्कर को नमन



**मेरठ।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मेरठ कैंट विधानसभा के कंकरखेड़ा मंडल में मंडल अध्यक्ष सहसपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल एवं मेरठ महानगर मंत्री विभोर चौधरी ने दायमपुर स्थित संत कनक दास पाल वाटिका में स्थापित पाल समाज की ईष्ट देवी मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण एवं नमन किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों को माला एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। संत कनक दास पाल समिति (रजि.) की ओर से विधायक अमित अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **-सूबेदार मेजर हरपाल सिंह पाल**

# पल्हैड़ा में संजीव पाल का भव्य स्वागत



**मेरठ।** पल्हैड़ा में 11 अगस्त का दिन सामाजिक एकजुटता और सम्मान का प्रतीक रहा। पाल धर्मशाला, पल्हैड़ा में सतबीर पाल, विनोद पाल, सतीश पाल मुखिया, राजेन्द्र पाल, मोहन पाल सहित पाल समाज के सम्मानित लोगों ने संजीव पाल को आजाद समाज पार्टी द्वारा कैंट विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर फूलमालाओं से स्वागत कर अपना आशीर्वाद और समर्थन दिया। इस अवसर पर माँ अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। पल्हैड़ा के सम्मानित लोगों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और एकजुटता के लिए संजीव पाल ने आभार जताया। **-ब्यूरो**

# लोकमाता की पुण्यतिथि मनाई



**मेरठ।** 13 अगस्त को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर चौक अशोकपुरी कंकरखेड़ा में लोकमाता की 231वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जयप्रभा पाल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कंकरखेड़ा द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। **-ब्यूरो**

# भेड़ गरीब की गाय है–धनगर गंगाविष्णु चन्देल



**मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण और राधा रानी के दर्शनार्थ जाते समय दिल्ली सरकार के तहसीलदार धनगर गंगाविष्णु चन्देल की मुलाकात गांव पलसो, बरसाना, जिला मथुरा निवासी भेड़पालक मोहन सिंह धनगर से हुई। बातचीत के दौरान तहसीलदार ने चरवाहे से पूछा कि आप यह कार्य क्यों कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में हमने 25 भेड़ें 13,000 रुपये प्रति भेड़ के हिसाब से खरीदकर यह व्यवसाय शुरू किया है। अभी हाल में एक लाख रुपये में ये बड़े-बड़े मेढ़े (नर) की बिक्री भी कर चुके हैं। उनके पूर्वज भी पहले भेड़ पालते थे। घर में सरकारी राशन कोटे की दुकान भी है और लड़के नौकरी करते हैं। इस व्यवसाय से उनके घर की आर्थिक स्थिति विकास की ओर जा रही है। मोहन सिंह का आर्थिक विकास भेड़पालन से ही हुआ है। भेड़पालन से गरीब और ग्रामीण परिवारों की आजीविका चलती है। इसका पर्यावरणीय लाभ भी है और धार्मिक महत्व भी है। इसीलिए भेड़ गरीब की गाय है। **-ब्यूरो**

# अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि दी



**नागपुर।** गडरिया धनगर (ढेंगर) समाज, नागपुर महाराष्ट्र द्वारा 13 अगस्त को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर सामूहिक रूप से भावपूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन दिलीप पाल अध्यक्ष द्वारा किया गया। **-नारायण प्रसाद पाली**

# नंगलाताशी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



**मेरठ।** नंगलाताशी के पाल मोहल्ले के शिव मंदिर में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण रामभूषण पाल, हंसराज प्रजापति, कालूराम पाल व सत्यप्रकाश पाल ने किया। देवेंद्र पाल ने समाज में अंधविश्वास को हटाने व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया तथा कहा कि बच्चे मोबाइल का प्रयोग कम करें। रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष योगदान हरसवरूप पाल, रामनिवास प्रजापति, सतपाल, पुष्पेन्द्र पाल, विनोद प्रजापति का रहा। कार्यक्रम में मेहर सिंह पाल एडवोकेट, मोहन पाल, रामपाल, प्रदीप प्रजापति, सुरेश पाल, लोकेश पाल, बबलू प्रजापति, श्रीमती भगवती पाल, संध्या पाल, रतन प्रजापति, सुशील पाल, हरीराम कश्यप, रोशन प्रजापति, कोशलेन्द्र पाल के साथ ही छोटे-बड़े बच्चों ने भाग लिया। अन्त में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। **-मेहर सिंह पाल एडवोकेट**

# स्कॉलरशिप के लिए अनिकेत पाल का चयन



**रायपुर।** गडरिया धनगर (ढेंगर) समाज नागपुर के अध्यक्ष दिलीप पाल के सुपुत्र अनिकेत पाल (कक्षा 4) का चयन महाराष्ट्र राज्य परिषद स्कॉलरशिप के लिए हो गया है। नारायण प्रसाद पाली, निरंजन लाल धनकर ने बताया कि गडरिया ढेंगर समाज छत्तीसगढ़ एवं नागपुर महाराष्ट्र के पदाधिकारियों ने बधाई संदेश प्रेषित कर बच्चे को प्रोत्साहित किया है। **-ब्यूरो**

# डॉ. हरिसिंह पाल से मिले समाज के साहित्यकार



**दिल्ली।** नीमच और मंदसौर मध्य प्रदेश के निवासी धनगर जागृति पत्रिका के संपादक राम धनगर और पंचायत सचिव शोभाराम धनगर के साथ कल्पवृक्ष प्रकाशन के संचालक ओमप्रकाश बघेल नागरी लिपि परिषद, राजघाट, नई दिल्ली कार्यालय गए। नागरी लिपि के महामंत्री डॉ. हरिसिंह पाल और दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी राजेन्द्र पाल ने इनका स्वागत किया और सामाजिक विमर्श किया। **-ब्यूरो**

# अनिल कुमार पाल अहिल्या आर्मी के राष्ट्रीय सचिव बने



**मैनपुरी।** अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश सचिव रहे जनपद निवासी अनिल कुमार पाल को संगठन का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी भरा निर्णय माना जा रहा है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# हरिकमल दर्पण की निशुल्क प्रतियां बांटीं



**रायपुर।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम माठ में गडरिया समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, साहित्यकारों, कवियों, पत्रकारों को निशुल्क स्वाध्याय हेतु हरिकमल दर्पण की प्रतियों का वितरण नारायण प्रसाद पाली प्रदेश प्रतिनिधि एवं साहित्यकार द्वारा किया गया। संपादक निरंजन सिंह पाल द्वारा प्रेषित पत्रिका का छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में सामाजिक कार्यक्रमों, कवि सम्मेलनों, साहित्यिक गोष्ठी में विभिन्न जिलों में यात्रा के दौरान निशुल्क वितरण किया जा रहा है। **-ब्यूरो**

## हमारे नए आजीवन सदस्य



**1. श्री राधेश्याम पाल (नवी मुम्बई)**

वरिष्ठ समाजसेवी श्री राधेश्याम पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये रिटायर्ड रेलवे इंजीनियर हैं जो वर्तमान मे मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड में मैनेजर सिविल के पद पर कार्यरत हैं। ये मूलतः दरोगा बाग जिला उन्नाव के निवासी हैं और वर्तमान में नवी मुंबई में सपरिवार रह रहे हैं। इन्होंने अपने जीवनकाल में रेलवे के संस्थानों से बड़े तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। इनका पता है-301, सैफायर बिल्डिंग, प्रतीक जेम्स कॉम्प्लेक्स, कामोठे, नवी मुम्बई। इनका मोबाइल नम्बर 9870271294 है।



**2. श्री राज बहादुर पाल (लुधियाना)**

वरिष्ठ समाजसेवी श्री राज बहादुर पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये मल्हार सेना के पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष तथा पाल समाज संस्था रजि. न्यू सतगुरु नगर, गैसपुरा, लोहारा, लुधियाना के जनरल सैक्रेट्री पद पर कार्यरत हैं। इनके पिता का नाम श्री राम प्रसाद पाल एवं जन्मतिथि 10-07-1975 है। इनके परिवार में धर्मपत्नी संगीता पाल, सुपुत्रियां अर्चना देवी पाल, रचना देवी पाल, अंजलि रानी पाल एवं सुपुत्र भूपिंदर प्रताप पाल हैं। इनका पता है-212/29/1ए, गली नं. 1, न्यू अम्बेडकर नगर, ग्यासपुरा, लोहारा, लुधियाना। इनका मोबाइल नंबर 9876330044 है।

# सम्राट हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टर व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**मिर्जापुर।** थाना लालगंज क्षेत्र स्थित सम्राट हॉस्पिटल में गर्भवती महिला के इलाज में कथित लापरवाही, रुपये लेने तथा धमकी देने के आरोपों के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने सम्राट हॉस्पिटल के संचालक, संबंधित डॉक्टर एवं कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। अनिल कुमार पाल अधिवक्ता ने बताया कि रामचंद्र पाल की पत्नी अर्चना पाल गर्भवती थी। डॉक्टर द्वारा मरीज की स्थिति गंभीर होने के बावजूद उसके समुचित उपचार, आवश्यक जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श तथा समय से उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में लापरवाही की गई। इसमें रामचंद्र पाल ने थाना और उच्च अधिकारियों के चक्कर लगाए लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने अधिवक्ता अनिल कुमार पाल के माध्यम से सीजेएम न्यायालय मिर्जापुर में शिकायत दाखिल की। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास कुमार राय ने बताया कि चिकित्सकीय जांच आख्या के अनुसार सम्राट हॉस्पिटल में कोई डिग्रीधारी डॉक्टर नहीं है, ना ही कोई पैरामेडिकल स्टाफ है जो मानव हित के लिए ठीक नहीं है। अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि जिस तरह झोलाछाप डॉक्टर बड़े-बड़े अस्पताल चला रहे हैं और मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, ऐसे अस्पतालों को तत्काल कार्रवाई कर बंद किया जाना आवश्यक होगा। **-ब्यूरो**

# स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट ने चार बच्चों को भेजी किताबें



**दिल्ली।** स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट द्वारा एक और नेक एवं सराहनीय कार्य किया गया। कुछ समय पूर्व ट्रस्ट की ओर से नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक पोस्ट जारी की गई थी, जिसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों से अपील की गई थी कि यदि उन्हें पढ़ाई से संबंधित किसी पुस्तक की आवश्यकता हो तो वे संपर्क कर सकते हैं। इस प्रयास के माध्यम से चार जरूरतमंद विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से एक विद्यार्थी इंग्लिश मीडियम तथा तीन विद्यार्थी हिंदी मीडियम से हैं। इन चारों विद्यार्थियों के लिए आवश्यक चार पुस्तकें खरीदी गईं और कोरियर के माध्यम से उनके पते पर भेज दी गईं। इन विद्यार्थियों के आवेदन अलग-अलग स्थानों से प्राप्त हुए, जिनमें मथुरा, प्रतापगढ़, झांसी एवं उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्र शामिल हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश चन्द पाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पुस्तक देना नहीं, बल्कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने में सहयोग करना है। स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट शिक्षा के माध्यम से बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। **-ब्यूरो**

# हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले सतीश बघेल



**पलवल।** 13 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ में पाल बघेल धनगर होलकर मराठा गडरिया समाज की जाति को अनुसूचित जाति में आर्टिकल 341 के तहत संविधान अनुसार सरकार की सिफारिश केंद्र सरकार को भिजवाने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश बघेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की गई। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि आगामी विधानसभा सेशन में समाज का बिल पास करके 31 अगस्त को विमुक्त घुमंतू जाति दिवस के शुभ अवसर पर कुछ विमुक्त जातियों के साथ गडरिया समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए सरकार की ओर से सिफारिश केंद्र सरकार को भिजवाई जाए। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट चंडीगढ़ में केस चल रहा है, हाईकोर्ट से समाज को न्याय नहीं मिल रहा है और कोर्ट से तारीख पर तारीख मिल रही है। **-ब्यूरो**

# लेबर पार्टी (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने जे.पी. धनगर

**लखनऊ।** 17 अगस्त को यू.पी. प्रेस क्लब हजरतगंज में लेबर पार्टी (एस) की उद्घोषणा एवं संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत प्रेसवार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में लेबर पार्टी (एस) के चेयरमैन डॉ. रामगोपाल बघेल तथा कोषाध्यक्ष भारती बघेल ने सर्वसम्मति से जे.पी. धनगर को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर पार्टी की समस्त जिम्मेदारियां तथा संगठन के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों के चयन की जिम्मेदारी भी जे.पी. धनगर को सौंपी गई। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि वह लेबर पार्टी (एस) की नीतियों एवं सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. धनगर ने पार्टी नेतृत्व एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी (एस) के संविधान, नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के



साथ ही जल्द ही देशभर में पार्टी का विस्तार किया जाएगा। जे.पी. धनगर ने कहा कि लेबर पार्टी (एस) एक सेक्युलर पार्टी है, जो सभी धर्मों, वर्गों, समुदायों एवं जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में शिक्षा, रोजगार, व्यापार और राजनीतिक क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में हिस्सेदारी दिलाने की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी रक्षा, न्यायपालिका और विधायिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की मांग को भी प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी मंडल आयोग की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू कराने के लिए संघर्ष करेगी। साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति की सूची में वर्ष 1950 से अधिसूचित समुदायों के पात्र लोगों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। जे.पी. धनगर ने कहा कि धनगर समाज को अनुसूचित जाति की सूची में क्रमांक 27 पर वर्ष 1950 से अधिसूचित किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में जारी विभिन्न शासनादेशों के आधार पर पात्र लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पार्टी प्रयास करेगी। इसके अलावा मझवार, गोण्ड, चेरों, बैगा, खरवार, अगरिया, बधिक, वादी, बहेलिया, बैसवार, बजानिया, बाजगी, बलहार, बलई, बासखोर, बरवार, बेरिया और कंजर सहित संबंधित समुदायों के पात्र लोगों के प्रमाण पत्र बनवाने के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी (एस) सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व के मुद्दों को लेकर देशभर में संगठन को मजबूत करेगी तथा जनता की समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से उठाने का कार्य करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। **-ब्यूरो**

# स्वतंत्रता दिवस पर नवीन पाल सम्मानित

**पलवल।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नवीन पाल, सब-फायर ऑफिसर, फायर स्टेशन पलवल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्राम तातारपुर, बघोला, पलवल स्थित केमिकल फैक्ट्री में 30 अप्रैल 2026 को लगी भीषण आग के दौरान अग्रिम मोर्चे से नेतृत्व करते हुए साहस, कुशलता एवं समर्पण के साथ अग्निशमन कार्य किया था। यह सम्मान उन्हें खेल मंत्री एवं विधायक गौरव गौतम द्वारा उपायुक्त जैनेंद्र छिल्लर,




पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल की उपस्थिति में नेताजी सुभाष स्टेडियम पलवल में प्रदान किया गया। इस सम्मान के लिए उन्हें हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# रामकुमार पाल सम्मानित




**रुड़की।** मोहम्मदपुर, मोहनपुरा, मिलापनगर निवासी रामकुमार पाल सुपुत्र पूना सिंह पाल को हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट बुनकर कार्य करने के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**




## मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम–घाट, डॉ0–पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर–6–1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी–228, सेक्टर–1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली–6
   निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
    दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
    निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें–

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी–10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम–घाट, डा0–पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए–20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालय: 40–ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली–110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली–110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
    टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
